# तूने दर पर बुला लिया | By Aditi Parashar

तूने दर पे बुला लिया ये कदरदानी है
तूने अपना बना लिया महरबानी है
तूने दर पे बुला लिया ये कदरदानी है

मैं तो काबिल नहीं था फिर भी तेरा प्यार मिला
मेरा सौभाग्य है बाबा तेरा दरबार मिला
तूने खुशियों से ही भर दी ये ज़िंदगानी है
तूने दर पे बुला लिया ये कदरदानी है

मेरे सत्कर्मो का फल है कि तेरी प्रीत मिली
कदम कदम पे मुझे बाबा सिर्फ जीत मिली
तुझसे पहचान मेरी है हर कहानी है
तूने दर पे बुला लिया ये कदरदानी है

तुझे जो पाया है मैंने तेरा शुक्राना करू
मेरे जो साथ है तू तो मैं किसी से ना डरूं
अब तो हर आग भी लगती मुझको पानी है
तूने दर पे बुला लिया ये कदरदानी है

भूल होगी जो भी मुझसे वो भुलाते रहना
मेरी विनती है प्रेम यूँ ही लुटाते रहना
तेरी सेवा में ही मगन तेरा चोखानी है
तूने दर पे बुला लिया ये कदरदानी है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-aditi-parashar/